# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2020-21








सत्यमेव जयते

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल**

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
कृषि अनुसंधान भवन-।, पूसा, नई दिल्ली 110012

प्रतिभा की खोज
In search of talent
कृ.वै.च.मं.
कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

ISSN 2454-6666

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2020-21

अप्रैल 1, 2020 से मार्च 31, 2021

सत्यमेव जयते

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार**
कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012

प्रतिभा की खोज
In search of talent
कृ.वै.च.मं.
कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

| | | |
|---|---|---|
| मुद्रण | : | 2021 |
| मुख्य संरक्षक | : | प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा<br>अध्यक्ष |
| संरक्षक | : | प्रो. (डॉ.) ए. के. श्रीवास्तव<br>सदस्य |
| | | डॉ. पी. के. चक्रबर्ती<br>सदस्य |
| | | डॉ. के. के. सिंह<br>सदस्य |
| | | श्री विवेक अग्रवाल<br>सचिव |
| संपादकगण | : | डॉ. ए. पी. रूहिल<br>प्रधान वैज्ञानिक (सूचना प्रौद्योगिकी) |
| | | श्री पी. के. बागे<br>निदेशक |
| | | डॉ. सुरेश पाल<br>मुख्य तकनीकी अधिकारी |
| सहायता | : | श्री खूबराम |

अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012, दूरभाष संख्याः 011–25840251, 25848172, फैक्सः 011–25846311 द्वारा प्रकाशित व मैसर्स रॉयल ऑफसेट प्रिन्टर्स, ए–89/1, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, फेस 1, नई दिल्ली 110028 के द्वारा लेजरटाइपसेट एवं मुद्रण।

# प्रस्तावना



मुझे कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की यह वार्षिक रिपोर्ट 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 की अवधि के लिए, प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिससे मुझे हार्दिक प्रसन्नता है। यह रिपोर्ट वर्ष के दौरान अपनी उपलब्धियां को दर्शाती है। कोविड–19 महामारी से पूरा विश्व पीड़ित था और देश को 24 मार्च से 3 मई, 2020 तक राष्ट्रीय लॉकडाउन का सामना करना पड़ा। इस महामारी का सिलसिला और इसका डर वर्ष के दौरान भी जारी रहा, आवेदनों की स्क्रीनिंग और साक्षात्कारों के लिए विषेशज्ञ मंडल में आने के लिए इच्छुक नहीं थे। कोविड 19 प्रोटोकॉल के अनुपालन ने भी कार्यालय में कर्मचारियों की उपलब्धता को प्रभावित किया है।

इन बाधाओं तथा अनुसंधान एवं प्रबंधन पदों (आरएमपी) की भर्ती की तात्कालिकता और वरिष्ठ वैज्ञानिकों के प्रधान वैज्ञानिकों पदों पर कैरियर पदोन्नति ने मंडल को वर्चुअल मोड में बदल दिया और एन.आई.सी. की मदद से तीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं स्थापित की गईं। इसके अलावा, पास के आई.सी.ए.आर. संस्थान / अपने संस्थान में विशेषज्ञों और उम्मीदवारों को सुरक्षित और निर्बाध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा प्रदान करने के लिए परिषद के 51 संस्थानों को मंडल के रिमोट सेंटर के रूप में नामित किया गया था। इस प्रयास ने मंडल को कोविड 19 महामारी के दौरान भी भर्ती प्रक्रिया जारी रखने में सक्षम बनाया।

सहायक महानिदेशकों, निदेशकों, परियोजना निदेशकों और राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशकों के 49 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 1479 आवेदकों को सम्मिलित करते हुए पदों को भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई थी। इस अवधि के दौरान, मंडल ने 316 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया और विभिन्न वैज्ञानिक पदों पर नियुक्तियों के लिए 44 उम्मीदवारों की सिफारिश की। आगे की भर्ती को स्थगित कर दिया गया और भा.कृ.अनु.प. के वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों (आरएमपी और गैर आरएमपी दोनों) की भर्ती के लिए स्कोर कार्ड में सुधार किया गया और मंडल में स्क्रीनिंग प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत करने हेतु इसे पूरी तरह से वस्तुनिष्ठ बनाया गया।

एआरएस वैज्ञानिकों के लिए कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के समयबद्ध कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में, वर्ष के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिकों से प्रधान वैज्ञानिकों के ग्रेड में पदोन्नति के लिए तैंतीस विषय क्षेत्रों के एक सौ चौंतीस प्रस्तावों पर कार्रवाई की गई और उन्हें पूरा किया गया। लगभग 89 प्रतिशत (3.73 प्रतिशत आस्थगित पदोन्नति सहित) उम्मीदवारों को अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति के लिए अनुशंसित किया गया था।

इस अवधि के दौरान, भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)–2021, कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस)–2021 (प्रारंभिक) की 222 रिक्तियों तथा वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) के 65 रिक्तियों के लिए संयुक्त परीक्षा की अधिसूचना 30 मार्च, 2021 को जारी की गई है।

माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री; माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपाला जी एवं श्री कैलाश चौधरी जी को उनके दूरदृष्टि, मार्गदर्शन, निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए तहे दिल से धन्यवाद और आभार। डॉ. टी. महापात्र, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद; श्री संजय सिंह, अपर सचिव (डेयर) एवं सचिव, भा.कृ.अनु.प. और श्री बिंबाधर प्रधान, विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (डेयर/आईसीएआर) के प्रति मंडल के सभी प्रयासों में उनके अपार समर्थन के लिए आभार। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं की स्थापना में डॉ. नीता वर्मा, महानिदेशक और डॉ. रंजना नागपाल,

उप महानिदेशक, राष्ट्रीय सूचना केंद्र द्वारा समय पर प्रदान की गई सहायता को विधिवत स्वीकार किया जाता है।

मैं मंडल में अपने सहयोगियों प्रो. (डॉ.) ए.के. श्रीवास्तव, डॉ. पी. के. चक्रबर्ती, डॉ. के.के. सिंह, श्री. विवेक अग्रवाल, श्री. पी.के. बागे और अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उक्त गतिविधियों के सफल समापन में योगदान और समर्थन के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद देता हूं ।

अंततः, इस रिपोर्ट को समय पर प्रकाशित करने में डॉ. एस.के. सिंह, निदेशक, एवं श्री पुनीत भसीन, प्रभारी, उत्पादन यूनिट, कृषि ज्ञान प्रबंधन निदेशालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहायता को विशेष रूप से स्वीकार करता हूं।

(ए. के. मिश्रा)
अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं.

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| | *प्रस्तावना* | *iii* |
| | *कार्यकारी सारांश* | *vii* |
| 1. | भूमिका | 1 |
| 2. | राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) | 5 |
| 3. | परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां | 6 |
| 4. | सीधी भर्ती | 8 |
| 5. | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्ति | 10 |
| 6. | वैज्ञानिकों का मूल्यांकनः कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) | 11 |
| 7. | सुधार | 14 |
| 8. | सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 | 15 |
| 9. | राजभाषा हिन्दी की प्रगति | 17 |
| 10. | महिला सशक्तिकरण | 21 |
| 11. | मान्यताएं/पुरस्कार/सम्मान | 22 |

*परिशिष्ट*

| | | |
|---|---|---|
| I. | वर्ष 2020–21 के दौरान मंडल में स्वीकृत पदों की स्थिति | 26 |
| II. | दिनांक 31.03.2021 के अनुसार मंडल में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची | 27 |
| III. | वर्ष 2020–21 के दौरान कृ.वै.च.मं. की प्राप्तियां एवं व्यय | 28 |
| IV. | पिछले पांच वर्षों में बोर्ड के कार्यभार का तुलनात्मक विवरण | 29 |
| V. | सीधी भर्ती 2020–21 | 30 |
| VI. | वर्ष 2020–21 के दौरान भा.कृ.अनु.प. के संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत मूल्यांकन के मामले | 36 |
| VII. | संस्थानों की सूची जिनमें कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार तकनीकी पदों के लिए विभागीय पदोन्नती समितियों (2020–21) का गठन किया गया | 37 |
| VIII. | संस्थानों की सूची जिनमें कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के कैरियर एडवांसमेंट के लिए विभागीय पदोन्नती समितियों (2020–21) का गठन किया गया | 39 |
| IX. | कार्मिक (नियुक्तियां, पदोन्नतियां, स्थानांतरण, सेवानिवृतियां आदि) | 40 |

# कार्यकारी सारांश

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का सदैव यह प्रयास रहा है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं की पहचान कर उनकी सिफारिश की जाए। इस वार्षिक रिपोर्ट की अवधि में कोविड 19 महामारी के दौरान भी पार्श्व/सीधी भर्ती पदों की नियुक्ति प्रक्रिया को जारी रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

इस अवधि के दौरान, बोर्ड ने 44 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली है जिसमें सहायक महानिदेशक, निदेशक, परियोजना निदेशक और राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक पद शामिल हैं। इन पदों के लिए कुल 1356 आवेदक थे, जिनमें से 429 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। आगे की भर्ती को स्थगित कर दिया गया और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों (आरएमपी और गैर आरएमपी दोनों) की भर्ती संबंधी स्कोर कार्ड में सुधार किया जा रहा है और कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में स्क्रीनिंग प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए इसे पूरी तरह से वस्तुनिष्ठ बनाया जा रहा है।

मंडल ने 33 विषय क्षेत्रों में कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के तहत प्रधान वैज्ञानिक पदों पर वरिष्ठ वैज्ञानिकों की पदोन्नति से संबंधित सभी एक सौ चौंतीस आवेदनों का निपटारा किया। कुल पदोन्नति 89 प्रतिशत (3.73 प्रतिशत आस्थगित पदोन्नति सहित) था।

आसान पहुँच और पारदर्शिता के लिए, आई.सी.ए.आर.–नेट परीक्षा के नेट प्रमाण पत्र 2019–20 से मैटी (एमईआईटीवाई), भारत सरकार के डिजिलॉकर पर उपलब्ध होंगे।

इस अवधि के दौरान, आई.सी.ए.आर.–राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) – 2021, ए.आर.एस. – 2021 (प्रारंभिक) और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) पदों के लिए संयुक्त परीक्षा हेतु एक अधिसूचना जारी की गई है जो ऑनलाइन कम्प्यूटर




प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा, अध्यक्ष द्वारा श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्रीगण श्री पुरूषोत्तम रूपाला और श्री कैलाश चौधरी जी को कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की वार्षिक प्रतिवेदन 2019–20 की प्रस्तुति

(सीबीटी) के माध्यम से आयोजित होगी। 48 विषयों में वैज्ञानिकों के 222 रिक्त पदों और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) के 65 रिक्त पदों को भरने के लिए देश भर के 32 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

कार्य निष्पादन में पारदर्शिता वास्तव में किसी भी संगठन के विशिष्ट लक्षणों में से एक है। यह विशेष रूप से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल जैसे राष्ट्रीय स्तर के स्वतंत्र भर्ती निकाय पर लागू होता है। चाहे वह उम्मीदवारों के कार्य प्रोफ़ाइल की स्क्रीनिंग हो या साक्षात्कार या परीक्षा प्रक्रिया या यहां तक कि सलाहकारों/परीक्षकों/पेपर सेटर्स/मूल्यांकनकर्ताओं आदि के पैनल बनाने में हो, मंडल के सभी स्तरों पर पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इसकी सतत आंतरिक और निष्पक्षता जांच होती है।

विभिन्न अदालतों के समक्ष कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल से जुड़े मामले/शिकायतें या कानूनी मामलों के संदर्भ में, ऐसा कोई अवसर नहीं था जब मंडल के निर्णयों के संबंध में कोई सख्त या प्रतिकूल टिप्पणी, निष्कर्ष या अवलोकन आदि किए गए हों।

इसी प्रकार, इस अवधि के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के संदर्भ में मंडल ने एक अनुकरणीय कार्यान्वयन रिकॉर्ड स्थापित किया है। उम्मीदवारों को राजभाषा के प्रयोग के लिए साक्षात्कार में विकल्प सहित हर संभव सहायता और सुविधाएं प्रदान की गई। विशेषज्ञों/सलाहकारों/पेपर सेटर्स/मूल्यांकनकर्ताओं सहित अधिकारियों और कर्मचारियों एवं आगंतुकों के लाभ के लिए मंडल के पुस्तकालय में हिंदी के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अधिकतम पुस्तकें रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। इस अवधि के दौरान ऑनलाइन इनपुट और नियमित डिजिटलीकरण के माध्यम से प्रत्येक विषय क्षेत्र में प्रश्न बैंक और सलाहकार/विशेषज्ञ डेटाबेस को नियमित रूप से अद्यतन, उन्नत और विस्तारित करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए हैं।

# भूमिका

1

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक स्वतंत्र भर्ती निकाय था और 1973 में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। अगस्त 2018 से, कृ.वै.च.मं. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के एक संलग्न कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है।

अपने अधिदेश के अनुसार मंडल, भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय और देश भर में फैले इसके अनुसंधान संस्थानों के लिए उत्कृष्ट वैज्ञानिकों और अन्य प्रबंधन कर्मियों की भर्ती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, मंडल ए.आर.एस. वैज्ञानिकों के लिए कैरियर उन्नति योजनाओं सहित मानव संसाधन को जोड़ने और इनके विकास से संबंधित नीतियों को विकसित और लागू करने में परिषद को सहायता और सलाह देता है। अपनी स्थापना के बाद से, 47 साल से भी अधिक समय से, मंडल राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और शिक्षा प्रणाली (एन.ए.आर.ई.एस.) की मौजूदा और उभरती जरूरतों को पूरा करने के साथ साथ प्रतिभा–खोज रणनीतियों को सुधारने और परिष्कृत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## अधिदेश

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का अधिदेश भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और देश भर में फैले इसके संस्थानों में विभिन्न पदों के लिए उत्कृष्ट मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, प्रारम्भ में मंडल को निम्नलिखित जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं:

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस.) में पदों पर भर्ती और ऐसे अन्य पदों एवं सेवाओं के लिए जो अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट किया जाता है।
- अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प द्वारा अपेक्षित पदोन्नति सहित कार्मिक मामलों में परिषद को ऐसी अन्य सहायता प्रदान करना।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के माध्यम से भर्ती किए गए या मंडल के परामर्श से परिषद द्वारा नियुक्त कर्मियों से संबंधित अनुशासनात्मक मामलों पर परिषद को सलाह देना।

इसके बाद, अखिल भारतीय सेवा के रूप में कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस.) के सृजन के बाद, मंडल को निम्नलिखित अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गईं:

- अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस.) के प्रवेश स्तर के वैज्ञानिकों के ग्रेड में भर्ती।
- ए.आर.एस. के प्रारंभिक गठन के बाद भा.कृ.अनु.प. के मौजूदा वैज्ञानिकों को ए.आर.एस. में शामिल करना।
- ए.आर.एस. के वैज्ञानिकों को योग्यता पदोन्नति और अग्रिम वेतन वृद्धि के लिए मूल्यांकन।
- इसके अलावा, मंडल को तकनीकी सेवा, प्रशासनिक और लेखा प्रबंधन पदों जैसे कि प्रशासनिक अधिकारी / वित्त एवं लेखा अधिकारी, सहायक निदेशक (राजभाषा) की भर्ती का कार्य भी सौंपा गया है।

मंडल 60 अनुमोदित विषय क्षेत्रों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा भी आयोजित करता है, जो राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एस.ए.यू.) में सहायक प्रोफेसर / व्याख्याता के रूप में प्रारंभिक नियुक्ति के लिए एक पूर्व–आर्हता है।

## संगठन

मंडल में एक अध्यक्ष और तीन सदस्य होते हैं जिनकी सहायता के लिए संयुक्त सचिव स्तर का सचिव होता है। मंडल को अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए परीक्षा नियंत्रक का एक पद, पांच उप सचिव/उप निदेशक (वित्त) सहित अन्य वित्तीय, प्रशासनिक और तकनीकी पदाधिकारियों के पद स्वीकृत किए गए हैं। मंडल के संशोधित संगठनात्मक ढांचे को निम्नानुसार दर्शाया गया है :

## पुनर्गठित कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का संगठनात्मक ढांचा




31 मार्च, 2021 को मंडल के नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों की कुल स्वीकृत संख्या 84 थी (परिशिष्ट I)। स्वीकृत पदों में से 38 पदों पर नियमित कर्मचारी कार्यरत थे। 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 की अवधि के दौरान मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची परिशिष्ट II में दी गई है।

## व्यय

मंडल ने 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 की अवधि के दौरान ₹1141.89 लाख का व्यय किया है। विवरण परिशिष्ट III में दिया गया है।

## गतिविधियां

मंडल ने अपने अधिदेशित कार्यों के निर्वहन में विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया। इन गतिविधियों का विस्तृत विवरण और पिछले पांच वर्षों के दौरान प्राप्त उपलब्धियों का विवरण परिशिष्ट IV में प्रस्तुत किया गया है।

## वर्ष 2020-21 के दौरान सम्पन्न गतिविधियों का सारांश

| | गतिविधियां | संख्या |
|---|---|---|
| I. | **सक्षात्कारों के माध्यम से नियुक्तियां (सीधी भर्ती)** | |
| | ◆ पद जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया पिछले वर्षों से लम्बित थी | 55 |
| | ◆ पद जिनके लिए वर्ष के दौरान मांग पत्र प्राप्त हुआ है | 217 |
| | ◆ भा.कृ.अनु.प. द्वारा वापस लिए गए पद | 3 |
| | ◆ विज्ञापित पदों की संख्या | 0 |
| | ◆ पदों की संख्या जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। | 44 |
| | ◆ विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या | 1356 |
| | ◆ साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों की संख्या | 429 |

| | गतिविधियां | संख्या |
|---|---|---|
| | ◆ उम्मीदवारों की संख्या जिनका साक्षात्कार लिया गया है। | 316 |
| | ◆ नियुक्ति हेतु अनुशंसित उम्मीदवारों की संख्या | 44 |
| | ◆ ऐसे मामले जिनमें नियुक्ति हेतु उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हुआ हो | 0 |
| | ◆ ऐसे मामले जहां साक्षात्कार हेतु कोई उम्मीदवार उपस्थित न हुआ हो | 0 |
| | ◆ वर्ष के दौरान विज्ञापित विभिन्न पदों के लिए स्क्रीनिंग किए गए आवेदनों की संख्या | 1479 |
| | ◆ पदों की संख्या जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित कार्य जारी है | 8 |
| **II.** | **परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां** | |
| (i) | प्रवेश स्तर के वैज्ञानिकों के लिए एआरएस परीक्षा – 2021 | |
| (ii) | तकनीकी कार्मिकों के लिए वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) परीक्षा – 2021 | |
| (iii) | नेट प्रमाणीकरण हेतु नेट परीक्षा 2021 | |
| **III.** | **मूल्यांकन एवं मूल्याकनों की समीक्षा** | |
| | **मूल्यांकन** | |
| | संशोधित कैरियर उन्नति योजना के तहत प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन | 134 |
| | इनडक्शन | 1 |
| **IV.** | **गठित समितियां** | |
| | एआरएस वैज्ञानिकों की कैरियर उन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन | 37 |
| | तकनीकी संवर्ग के पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन | 93 |

## मुख्य घटनाएं

### कृ.वै.च.मं. की बोर्ड बैठकें

इस अवधि के दौरान महत्वपूर्ण मामलों तथा भर्ती एवं मूल्यांकन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु बोर्ड की बैठकें आयोजित की गईं।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुरूप कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने इस वर्ष 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2020 तक बड़े उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य फोकस ''सतर्क भारत–समृद्ध भारत'' (सतर्क



बोर्ड की बैठक का एक दृश्य





भारत, समृद्ध भारत) था। सप्ताह के प्रारम्भ में मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी थी

## राष्ट्रीय संविधान दिवस

कर्मचारियों के बीच भारतीय संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 26 नवंबर, 2020 को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। यह संविधान को अपनाने की 71वीं वर्षगांठ थी। मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान दिवस पर भारत के संविधान के अनुसार राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया।



## कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का नया कार्यालय भवन

पूसा परिसर के अहाते में नए कार्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। आशा है कि मंडल वर्ष 2021 के अंत तक अपने स्वयं के कार्यालय भवन में स्थानांतरित हो सकता है।





मंडल के नए कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का प्रारंभ

# राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)

राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एस.ए.यू.) और कृषि संकाय वाले अन्य सामान्य विश्वविद्यालयों में व्याख्याताओं/सहायक प्रोफेसरों की भर्ती के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए नेट परीक्षा एक अनिवार्य अर्हता है। भा.कृ.अनु.प–राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)–2021, ए.आर.एस.–2021 (प्रारंभिक) और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) के लिए ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) मोड के माध्यम से 32 केंद्रों पर संयुक्त परीक्षा आयोजित करने हेतु 30 मार्च, 2021 को अधिसूचना जारी की गई थी। देश भर में नेट–2021 परीक्षा 60 विषय क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी। केंद्रों का विवरण इस प्रकार है :



# परीक्षा के माध्यम से नियुक्तियां

3

ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित (सी.बी.टी.) मोड के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस.)–2021 (प्रारंभिक), भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)–2021 और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) पदों के लिए पूरे देश के 32 केन्द्रों पर संयुक्त परीक्षा आयोजित करने हेतु 30 मार्च, 2021 को एक अधिसूचना जारी की गई।

## कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा - 2021

देश भर के 32 केंद्रों पर 48 विषय क्षेत्रों में वैज्ञानिकों के 222 रिक्त पदों को भरने के लिए ए.आर.एस. (प्रारंभिक) परीक्षा आयोजित की जानी है। मुख्य परीक्षा देशभर के 12 केंद्रों पर होगी।

प्रारंभिक परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए 1:15 (श्रेणी वार) के अनुपात में ए.आर.एस. (मुख्य) परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। जो उम्मीदवार मुख्य परीक्षा में ऐसे न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करते हैं जो मंडल द्वारा अपने विवेक से तय किए जाते हैं, उन्हें प्रत्येक पद के लिए 1:5 (श्रेणीवार) के अनुपात में मौखिक परीक्षा (साक्षात्कार) के लिए आमंत्रित किया जाएगा। रिक्तियों का विषयवार विवरण इस प्रकार है :

## वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

देश भर के 32 केंद्रों पर 65 पदों को भरने के लिए वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) की परीक्षा आयोजित की जानी है। निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए 1:5 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। प्रमुख विषय क्षेत्रवार रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है :

## प्रमुख विषय क्षेत्रवार रिक्तियां

| क्र. सं. | प्रमुख विषय क्षेत्र | रिक्तियों की संख्या | संस्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | फसल विज्ञान | 6 | 30 |
| 2. | बागवानी विज्ञान | 8 | |
| 3. | प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन | 21 | |
| 4. | कृषि अभियांत्रिकी | 2 | |
| 5. | समाजिक विज्ञान | 6 | |
| 6. | पशु विज्ञान | 21 | |
| 7. | मात्स्यिकी विज्ञान | 1 | |
| | **कुल** | **65** | |




वैज्ञानिकों के 222 रिक्तयों का विवरण

# सीधी भर्ती

4

## सीधी भर्ती /पार्श्व प्रवेश

मंडल को 217 पदों को भरने के लिए भा.कृ.अनु.प. से अनुरोध प्राप्त हुआ, जिसमें अनुसंधान एवं प्रबंधन पद (69), प्रभागाध्यक्ष (139) और परियोजना समन्वयक (5) पद शामिल थे। विज्ञापन संख्या 1/2019 द्वारा विज्ञापित 72 पदों में से परिषद द्वारा तीन पदों को वापस ले लिया गया है।




साक्षात्कार का एक दृश्य

मंडल ने 44 पदों (परिशिष्ट V) के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की, जिसमें पांच सहायक महानिदेशक, 32 निदेशक, 2 परियोजना निदेशक और शेष राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक थे। आगे की भर्ती को स्थगित कर दिया गया और भारतीय कृषि अनुसंधाद परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों (आरएमपी और गैर आरएमपी दोनों) की भर्ती के लिए स्कोर कार्ड में सुधार किया गया और कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में स्क्रीनिंग प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए इसे पूरी तरह से वस्तुनिष्ठ बनाया गया।

## इस अवधि के दौरान पूर्ण की गई भर्ती प्रक्रिया का सारांश

| वर्ग | पदों की संख्या | आवेदकों की संख्या | साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों की संख्या | साक्षात्कार हेतु उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या | नियुक्ति हेतु सिफारिश किए गए उम्मीदवारों की संख्या | कोई उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सहायक महानिदेशक | 5 | 282 | 50 | 35 | 5 | 0 |
| भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों के निदेशक | 32 | 933 | 310 | 233 | 32 | 0 |
| परियोजना निदेशक | 2 | 28 | 20 | 13 | 2 | 0 |
| राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक | 5 | 113 | 49 | 35 | 5 | 0 |
| **कुल** | **44** | **1356** | **429** | **316** | **44** | **0** |
| **प्रति पद उपलब्धता** | | **30.82** | **9.75** | **7.18** | **100%** | |

मंडल ने 1400 से अधिक आवेदनों की जांच की थी और साक्षात्कार के लिए 429 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया था। हालांकि, 316 उम्मीदवारों ने वास्तव में साक्षात्कार में भाग लिया। मंडल प्रत्येक पद के लिए प्रथम शीर्ष दस रैंकिंग वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेता है, जिन्होंने स्क्रीनिंग में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान प्रत्येक पद के लिए औसतन 7.18 उम्मीदवार साक्षात्कार में उपस्थित हुए।




सीधी भर्ती द्वारा भरे गए 44 पदों का विवरण




सहायक महानिदेशक, निदेशक, परियोजना निदेशक एवं राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशकों की सीधी भर्ती का विवरण

# अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/ बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्ति

5

## परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति

भा.कृ.अनु.प. / भारत सरकार के नियमों के अनुसार भर्ती के लिए सिफारिश करते समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाता है। इन विशेष श्रेणियों के अंतर्गत विज्ञापित रिक्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:

**(I) ए.आर.एस. परीक्षा–2021 में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग / बेंचमार्क विकलांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए पदों का वितरण**

| वर्ग | विज्ञापित रिक्तियां |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 28 |
| अनुसूचित जनजाति | 22 |
| बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति | 12* |
| अन्य पिछड़े वर्ग | 51 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 21 |

*कुल 222 रिक्तियों में से 12 रिक्तियां बेंचमार्क विकलांगता वाले उम्मीदवारों के लिए सभी विषयों में आरक्षित हैं और वे किसी भी विषय के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**(II) वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी परीक्षा – 2021 में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग / बेंचमार्क विकलांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए पदों का वितरण**

| वर्ग | विज्ञापित रिक्तियां |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 6 |
| अनुसूचित जनजाति | 1 |
| बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति | 1* |
| अन्य पिछड़े वर्ग | 15 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 5 |

*कुल 65 रिक्तियों में से 01 रिक्ति, बेंचमार्क विकलांगता वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है और वे सभी कार्यात्मक समूह के सभी पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# 6

# वैज्ञानिकों का मूल्यांकनः कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस)

## संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन/पदोन्नति

भा.कृ.अनु.प. के विभिन्न संस्थानों से प्राप्त तैंतीस विषयक्षेत्रों के अंतर्गत एक सौ चौंतीस प्रस्तावों का कैरियर उन्नति योजना (सी.ए.एस.) के तहत वरिष्ठ वैज्ञानिकों से प्रधान वैज्ञानिकों के ग्रेड में प्लेसमेंट के लिए मूल्यांकन किया गया था। साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन 28 जुलाई, 2020 से 3 सितंबर, 2020 (परिशिष्ट VI) तक किया गया था।







साक्षात्कार मंडल का दृश्य

मूल्यांकन के परिणाम से संकेत मिलता है कि 85.08 प्रतिशत उम्मीदवारों को नियत तारीख से पदोन्नति प्राप्त हुई है और 3.73 प्रतिशत उम्मीदवारों को अगले उच्च ग्रेड में आस्थगित पदोन्नति मिली है।




कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के तहत
वरिष्ठ वैज्ञानिकों का प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड में मूल्यांकन

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि तैंतीस विषयों में से, सात विषयों जैसे मृदा विज्ञान, कृषि विस्तार, शस्य विज्ञान, जलीय कृषि, मछली और मत्स्य विज्ञान, बागवानी और जैव प्रौद्योगिकी (पीएस) को छोड़कर, अन्य विषयों में वैज्ञानिकों को सौ प्रतिशत पदोन्नति मिली है। प्रमुख विषय क्षेत्रवार विवरण तालिका में दिए गए हैं:

**मूल्यांकन का प्रमुख विषय क्षेत्रवार विवरण**

| क्र. सं. | प्रमुख विषय क्षेत्र | उम्मीदवारों की कुल संख्या | नियत तारीख से पदोन्नति प्राप्त उम्मीदवारों की संख्या | आस्थगित पदोन्नति | पदोन्नति नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फसल विज्ञान | 42 | 38 | 3 | 1 |
| 2. | बागवानी विज्ञान | 6 | 5 | . | 1 |
| 3. | प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन | 30 | 26 | . | 4 |
| 4. | कृषि अभियांत्रिकी | 9 | 8 | 1 | . |
| 5. | सामाजिक विज्ञान | 14 | 11 | 1 | 2 |
| 6. | पशु विज्ञान | 23 | 23 | . | . |
| 7. | मात्स्यिकी विज्ञान | 10 | 3 | . | 7 |
| **कुल** | | **134** | **114** | **5** | **15** |

## कृषि अनुसंधान सेवा में इंडक्शन

वर्ष के दौरान सस्य विज्ञान विषय में सहायक महानिदेशक (ए.ए.एफ. एण्ड सी.सी.) को शामिल करने के एक मामले पर विचार किया गया और भा.कृ.अनु.प. को सिफारिश भेज दी गई है।

## ए.आर.एस. वैज्ञानिकों (आरजीपी ₹6000 से ₹9000) के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम तथा तकनीकी कार्मिकों का मूल्यांकन पदोन्नति

ए.आर.एस. वैज्ञानिकों के लिए करियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) और नियमों के अनुसार, भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों में

वैज्ञानिकों की पदोन्नति के मामलों पर विचार करने हेतु विभिन्न समितियों के अध्यक्षों को, कृ.वै.च.मं. के अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाता है। तदनुसार, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. द्वारा संस्थानों में चयन समितियों का नेतृत्व करने के लिए विभिन्न नामांकन किए गए। इसके अलावा, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. द्वारा भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय और भारत के विभिन्न भागों में फैले इसके संस्थानों में कार्यरत तकनीकी संवर्ग कर्मचारियों के मामलों पर विचार करने के लिए मूल्यांकन समितियों के गठन के लिए नामांकन भी किए गए थे।

## तकनीकी कार्मिकों का मूल्यांकन पदोन्नति

मंडल ने तकनीकी कर्मियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए मूल्यांकन हेतु भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय सहित 57 संस्थानों के लिए विशेषज्ञों के नामांकन को अंतिम रूप दिया। विवरण परिशिष्ट VII में दिया गया है।

## वैज्ञानिकों की मूल्यांकन पदोन्नति

मंडल ने आरजीपी ₹6,000 से ₹7,000; आरजीपी ₹7,000 से ₹8,000 और आरजीपी ₹8,000 से ₹9,000 तक वैज्ञानिकों के मूल्यांकन हेतु 30 संस्थानों में विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) के गठन हेतु विशेषज्ञों के नामांकन को अंतिम रूप दिया और अधिसूचित किया, जिनका विवरण परिशिष्ट VIII में दिया गया है।




तकनीकी कार्मिकों के लिए गठित मूल्यांकन समितियों का विवरण




वैज्ञानिकों के लिए गठित मूल्यांकन समितियों का विवरण

# सुधार

## राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) प्रमाण पत्रों का डिजिटलीकरण

वर्ष 2019–20 से, नेट परीक्षा 2018 से आगे के सभी नेट प्रमाणपत्रों को डिजिटाइज़ कर दिया गया है और केवल भारत सरकार के मैटी (एमईआईटीवाई) के डिजीलौकर ऐप के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है।

## ऑनलाइन परीक्षाएं

रिपोर्ट अवधि के दौरान, मंडल ने भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)–2021, ए.आर.एस.–2021 (प्रारंभिक) और वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी 6) पदों के लिए देश भर के 32 केंद्रों में एक ऑनलाइन संयुक्त परीक्षा आयोजित करने हेतु 30 मार्च, 2021 को एक अधिसूचना जारी की।

## आवेदनों की स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कारों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का सृजन

राष्ट्रीय हित में कोविड–19 महामारी के दौरान भी अनुसंधान प्रबंधन पदों पर भर्ती की गति को बनाए रखने के लिए आवेदनों की स्क्रीनिंग और साक्षात्कार के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का एक नेटवर्क बनाया गया था। विशेषज्ञों और उम्मीदवारों के साथ सुरक्षित और निर्बाध संचार प्रबंधन के लिए एन.आई.सी. की मदद से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में तीन स्थानों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 51 संस्थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा स्थापित की गई थी। इससे मंडल को आवेदनों की स्क्रीनिंग और साक्षात्कार आयोजित करने के दौरान कोविड 19 महामारी प्रोटोकॉल का पालन करने में काफी मदद मिली है।

# सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 तथा केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) का कार्यान्वयन

8

## सूचना का अधिकार अधिनियम-2005

प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, मंडल ने सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय अवधि के भीतर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न अनुरोधों और अपीलों का कुशलतापूर्वक और संतोषजनक ढंग से जवाब दिया है। तदनुसार, मंडल ने एक जिम्मेदार "लोक प्राधिकरण" के रूप में इस संबंध में उचित कार्रवाई की है। मंडल ने सूचना चाहने वालों से प्राप्त अनुरोधों और अपीलों को व्यवस्थित रूप से संभालने के लिए दो केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी और एक अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया है।

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल अपनी परीक्षाओं, भर्ती, मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को अक्षरशः लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 के अनुसार, भर्ती और मूल्यांकन से संबंधित सभी अद्यतन जानकारी समय–समय पर मंडल की वेबसाइट (www.asrb.org.in) पर उपलब्ध कराई जाती है। इस अवधि के दौरान, मंडल को मुख्य रूप से निम्नलिखित से संबंधित 163 मामले प्राप्त हुए हैं :

| क्र.सं. | मांगी गई सूचना |
|---|---|
| 1. | विशेषज्ञों के नामों का खुलासा |
| 2. | स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कारों में प्राप्तांक |
| 3. | सीधी भर्ती के पदों के लिए आवेदनों की स्क्रीनिंग पद्वति |
| 4. | मूल्यांकन समिति द्वारा दिए गए अंक |
| 5. | विभिन्न परीक्षाओं/नियुक्तियों में अन्य आवेदकों को प्राप्त अंक |
| 6. | उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया |
| 7. | परीक्षाओं के आन्सर (उत्तर) की कुंजी |
| 8. | उत्तर पुस्तिकाओं, ओएमआर शीट और प्रश्न पत्रों की फोटो कॉपी |
| 9. | अवर श्रेणी लिपिक–2017 परीक्षा रद्द करने के कारण |
| 10. | मंडल के प्रोएक्टिव आर्डर्स/मंडल के निर्णय और सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4 का अनुपालन। |
| 11. | आउटसोर्स मैन पावर का विवरण |
| 12. | मंडल द्वारा दिए गए विभिन्न टेंडरों से संबंधित सूचना। |

163 मामलों में से केवल 25 प्रतिशत आवेदकों ने प्रथम अपील दायर की। इन मामलों को भी सभी संबंधितों की संतुष्टि के लिए सफलतापूर्वक निपटाकर मंडल द्वारा जवाब दिया गया। पूरा विवरण नीचे दिया गया है :

## वर्ष 2020-21 के दौरान सूचना का अधिनियम, 2005 के अनुपालन से संसाधित मामलों का सारांश

**ब्लॉक I. (अनुरोध एवं अपील से संबंधित विवरण)**

| | 01.04.2020 से पूर्व लम्बित मामलें | अन्य पीएएस से स्थानांतरित होकर आए मामलें | वर्ष के दौरान प्राप्त अनुरोध (अन्य पीएएस को भेजे गए पत्रों सहित) | अन्य पीएएस यू/एस 6(3) को भेजे गए मामलों की संख्या | निर्णय जहां अनुरोध/अपील को अस्वीकार किया गया हो | निर्णय जहां अनुरोध/अपील स्वीकार किया गया हो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुरोध | – | 20 | 143 | 07 | 09 | 147 |
| प्रथम अपील | – | लागू नहीं | 41 | लागू नहीं | – | 41 |
| | | पदनामित सी.ए.पी.आई.ओ. की कुल संख्या | | पदनामित सी.पी.आई.ओ. की कुल संख्या | – | पदनामित ए ए की कुल संख्या |
| | | – | | 2 | | 1 |

**ब्लॉक–II. (एकत्रित शुल्क, लगायी गई जुर्माना राशि तथा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई)**

| एकत्र किया गया पंजीकरण शुल्क यू/एस 7(1) | यू/एस 7(1) के अंतर्गत एकत्र किया गया अतिरिक्त शुल्क | यू/एस 20(1) के अंतर्गत केन्द्रीय सूचना आयोग के निर्देशों के अनुसार वसूल की गई जुर्माना राशि | यू/एस 20(2) के अंतर्गत अधिकारियों के विरुद्ध की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामलें |
|---|---|---|---|
| 1030/– | 186/– | 0 | 0 |

**ब्लॉक–III. यू/एस 8 के विभिन्न प्रावधानों के तहत मांगी गई सूचना देने से इन्कार करने संबंधी विवरण**

| मांगी गई सूचना देने से मना करने के दौरान कितनी बार सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रावधानों का सहारा लिया गया उसका विवरण | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धारा 8(1) | | | | | | | | | | अन्य धाराएं | | | |
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) | (एच) | (आई) | (जे) | (9) | (11) | (24) | अन्य |
| – | – | – | – | 6 | – | – | 2 | – | 9 | – – | – | – | – |

## केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस)

इस अवधि के दौरान मंडल में 50 शिकायतें प्राप्त हुई, मुख्यतः परीक्षाओं के माध्यम से तकनीशियन (टी 1), अवर श्रेणी लिपिक 2017, नेट परीक्षाएं, एआरएस 2017 और सीधी भर्ती/पार्श्व प्रवेश की सामान्य सूचना जैसे विभिन्न मुद्दों से संबंधित थीं। विभिन्न अनुरोधों पर मंडल ने कुशलतापूर्वक एवं संतोषजनक ढंग से कार्रवाई की है।



# हिंदी (राजभाषा) की प्रगति

9

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम 2020–21 में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल अपने कार्यालय में हिंदी के प्रगतिशील उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंडल पूरी तरह से सुनिश्चित करता है कि अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के अनुसार परिपत्रों, प्रतिवेदनों, प्रश्न पत्रों और अन्य दस्तावेजों की द्विभाषी आवश्यकता का सावधानीपूर्वक पालन किया जाता है।

- मंडल में लगभग शत प्रतिशत अधिकारियों एवं कार्मिकों को हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है।
- कर्मचारियों को सहायक साहित्यिक सामग्री, जैसे कृषि शब्दावली, मानक पत्रों/मसौदों के हिंदी नमूने, सामान्य वाक्यांशों का हिन्दी समानार्थ वाक्य आदि भी उपलब्ध कराए गए हैं।
- परीक्षा नियमों, नोटिस, पाठ्यक्रम, उम्मीदवारों के लिए अनुदेश, प्रवेश प्रमाण–पत्र, टेस्ट बुकलेट, उत्तर पुस्तिका, प्रश्न–पत्र, आवेदन प्रपत्र, उपस्थिति सूची आदि का मुद्रण अंग्रेजी संस्करण के साथ–साथ हिंदी संस्करण में भी किया जाता है।
- इस अवधि के दौरान मंडल द्वारा एक विज्ञापन हिन्दी और अंग्रेजी में जारी किया गया जिसे 'रोजगार समाचार' सहित देश के अग्रणी समाचार–पत्रों में प्रकाशित किया गया।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल कार्यालय के सभी कम्प्यूटर कीबोर्ड देवनागरी में लिखे गए वर्णों के साथ उपलब्ध कराए गए हैं।
- प्रश्नकर्ताओं/अनुवादकों की सुविधा के लिए कृषि शिक्षा/अनुसंधान में प्रयोग होने वाले महत्वपूर्ण तकनीकी शब्दों के लिए अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोश तैयार किए गए हैं।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल यह सुनिश्चित करता है कि उम्मीदवारों को प्रतियोगी परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में प्रश्नों के उत्तर हिंदी में देने हेतु हिंदी माध्यम को चुनने का विकल्प उपलब्ध हो।
- मंडल की वेबसाइट www.asrb.org.in द्विभाषी (अंग्रेजी एवं हिन्दी) रूप में है।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें

इस अवधि के दौरान मंडल नें जून, सितम्बर, दिसम्बर–2020 तथा मार्च 2021 में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार तिमाही बैठकों का आयोजन किया। इन बैठकों में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

दिनांक 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट से ज्ञात होता है कि :

- धारा 3(3) के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन 100% है। इसी प्रकार, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल द्वारा 'क' एवं 'ख' क्षेत्र को भेजे गए उत्तर भी 100% हिंदी में हैं।
- हिंदी पत्राचार की स्थिति 'क' क्षेत्र के साथ 97.78%, 'ख' क्षेत्र के साथ 100% तथा 'ग' क्षेत्र के साथ 96.84% थी जबकि 'ग' क्षेत्र के लिए हिन्दी में पत्राचार का लक्ष्य 65% है।
- हिंदी में टिप्पण का समग्र निष्पादन 96.55% था जो निर्धारित लक्ष्य 75% से कहीं अधिक है।



तिमाही बैठक का एक दृश्य





तिमाही बैठक का एक दृश्य

## राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

वर्ष के दौरान कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने 9 से 24 सितंबर, 2020 तक ***"राजभाषा–हिंदी पखवाड़ा"*** का आयोजन किया। हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन 9 सितंबर, 2020 को किया गया। इस अवसर पर मंडल के संविदा कर्मचारियों सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. ने अपने औपचारिक संबोधन में सलाह दी कि हमें वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम 2020–21 में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपने कार्यालय में हिंदी के प्रगतिशील उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

राजभाषा पखवाड़ा के दौरान हिंदी के प्रयोग के विभिन्न पहलुओं पर निबंध लेखन, नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग और कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग पर तीन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें 27 नियमित और 25 संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार हैः




प्रतिभागियों की संख्या

समापन समारोह 24 सितंबर, 2020 को आयोजित किया गया था। अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. और सदस्यों ने राजभाषा पखवाड़ा के उत्सव की सराहना की। विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पखवाड़ा की झलकियां








राजभाषा पखवाड़ा आयोजन के दृश्य








हिन्दी प्रतियोगिताओं का दृश्य





राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह









राजभाषा पखवाड़ा 2020 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण

# 10

# महिला सशक्तिकरण

कोविड 19 महामारी के कारण इस वर्ष के दौरान कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी। यह खुशी की बात है कि राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में उत्तीर्ण और कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस.) की पिछली पांच परीक्षाओं में चयनित महिला उम्मीदवारों का प्रतिशत क्रमशः 43 से 50 प्रतिशत और 31 से 43 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

| नेट परीक्षा | | ए.आर.एस. परीक्षा | |
|---|---|---|---|
| परीक्षा वर्ष | उत्तीर्ण महिला उम्मीदवारों का प्रतिशत | परीक्षा वर्ष | उत्तीर्ण महिला उम्मीदवारों का प्रतिशत |
| 2015 | 43 | 2013–14 | 31 |
| 2016 | 44 | 2014–15 | 33 |
| 2017 | 45 | 2015–16 | 34 |
| 2018 | 50 | 2016–17 | 36 |
| 2019 | 50 | 2019–20 | 43 |

# 11 मान्यताएं/पुरस्कार/सम्मान

## प्रोफेसर (डॉ.) ए. के. मिश्रा, अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं. को प्राप्त मान्यताएं/पुरस्कार एवं सम्मान

1. डॉ. डी. सुंदरेसन स्मृति व्याख्यान–2021, भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल का पुरस्कार, 26 मार्च, 2021 को दिया गया। यह पुरस्कार डॉ. एम. एस. चौहान, निदेशक एन.डी.आर.आई., करनाल द्वारा दिया गया।



2. पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान उत्तर प्रदेश





के 10वें दीक्षांत समारोह 23 फरवरी, 2021 में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हो कर दीक्षांत समारोह व्याख्यान दिया।

